तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 3 जून 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



8 सीईओ कर को दी गई सेवानिवृत होने पर विदाई





9 नक्सलवाद पर विजय के लिए विजय के प्रयासों की सराहना




## खबर संक्षेप



### 36 क्वार्टर हाउसिंग बोर्ड में आज से दो दिन बाधित रहेगी पेयजल व्यवस्था

**जगदलपुर।** भीषण गर्मी में शहर के 36 क्वार्टर में पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। जिसे मूर्तरूप देने के दौरान शहर के अनेक वार्डो में पेयजल व्यवस्था बाधित रहेगी। प्रभावित वार्डो में टैंकरों के जरिये जलापूर्ति की जाएगी। 3 और 4 जून को शहर के लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार 3 एवं 4 जून को 36 क्वार्टर में हाउसिंग बोर्ड विभाग के द्वारा पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। जिससे शहर के सभी उच्चस्तरीय टैंक से पानी सप्लाई बाधित रहेगी। शहर के बड़े इलाके में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। पावर हाउस, सिटी ग्राउंड, पोस्ट ऑफिस, इंदिरा स्टेडियम, बोधघाट हाउसिंग बोर्ड, फ्रेजरपुर, बीएसएनएल ऑफिस और उससे सटे हुए वार्ड, तेतरखूटी, छत्रपति शिवाजी वार्ड, गांधी नगर वार्ड, शहीद पार्क क्षेत्र, इंड्रस्टीज एरिया बस्तर क्लब व अन्य क्षेत्र सम्मलित है। बताया जा रहा है कि इन इलाकों में दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति ठप रहेगी।

### 400 रुपए सोली में बिका नानगुर का बोड़ा



**जगदलपुर।** शहर के बाजार में इस रविवार को नानगुर से पहुंचा बोड़ा को महिलाओं ने 400 रुपए सोली में बेच रहे हैं। बाजार के साथ-साथ संजय मार्केट, गोलबाजार चौक, कुम्हारपारा चौक आदि जगह नारियल पानी, कलिंदर एवं ककड़ी बिक रहे हैं। बारिश एवं तेज हवाओं से टमाटर के फसल का नुकसान हुआ, इसके बाद भी बेंगलोर एवं लोकल टमाटर 20 रुपए किलो में बिक रहा है। इस रविवार को फूलगोभी 50, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 50, आलू 30, प्याज 30, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### फांसी लगाकर युवक ने आत्महत्या की

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 61 निवासी 16 वर्षीय राज हलधर पिता नरेन हलधर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया की 31 मई को साढ़े 11 बजे मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया, ईलाज के लिए तुरंत भानुप्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया, जंहा पर ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गया।

# यात्री वाले मालवाहक व ओवरलोड वाहनों के चालकों का लायसेंस निलंबित

## टैक्स बकायादार 24 वाहनों से 17.18 लाख व 10 ओव्हरलोड पर 3.63 लाख वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने मालवाहक में यात्री मिलने एवं ओव्हरलोड वाहनों के चालकों का लायसेंस निलंबित किया। साथ ही 10 मालवाहकों जब्त किया। टीम की ओर से टैक्स बकायादार 24 वाहनों से 17 लाख 18 हजार 290 रुपए एवं 10 ओव्हरलोड वाहनों से 3 लाख 63 हजार 500 रूपए वसूल किया गया। साथ ही सड़कों एवं धनपूंजी चेक पोस्ट में एक माह में 2069 वाहनों से 70.75 लाख रुपए का जुर्माना किया। इसमें से 999 वाहनों से 18 लाख 46 हजार 600, 183 वाहनों से ई-चालान से 17 लाख 41 हजार 600, धनपूंजी चेक पोस्ट में 853 वाहनों से 16 लाख 38 हजार 700, 10 वाहनों से ई-चालान से 25 हजार 300 एवं टीपी व यानकर से एक लाख 5 हजार 145 रूपए समझौता शुल्क वसूला किया गया। बताया जा रहा है कि मालवाहकों एवं ओव्हरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के बाद भी वाहन चालक ध्यान नहीं दे रहे। ध्यान नहीं देने के कारण उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने ऐसे वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित करने का अभियान शुरू किया गया है।

*परिवहन विभाग ने 2069 वाहनों से 70.75 लाख का किया जुर्माना*



### लायसेंस निरस्त करने की तैयारी

*परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि मालवाहक एवं ओव्हरलोड वाहन चालकों का निलंबित करने के बाद भी ध्यान नहीं देने वालों पर लायसेंस निरस्त करने की तैयारी की जाएगी। परिवहन नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

## वारदात : रोड के किनारे लघुशंका करने जाने के दौरान पैर उड़ा

# माओवादियों के लगाये प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

माओवादियों की कायराना करतूत एक बार फिर देखने को मिला है, माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आकर ग्रामीण युवा भीमा माड़वी का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचकर घायल युवा एवं उनके परिजनों से भेंटकर जानकारी ली और डाक्टरों को तत्काल उचित ईलाज के निर्देश दिए।

■ अस्पताल पहुंचकर कलेक्टर ने उचित इलाज के दिए निर्देश

ज्ञात हो कि भीमा माड़वी 22 वर्ष ग्राम छुटवाई स्कूल पारा का निवासी है जो 2 जून को अपने निजी ट्रैक्टर के काम से तर्रेम की ओर आ रहा था। छुटवाई और गुण्डम के मध्य तोयानाला के पास ट्रैक्टर रोक कर रोड किनारे लघुशंका के लिए गया। जहां माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। तोयानाला के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जहां जवानों के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है।



### सुरक्षाबलों को नुकसान लगाई गई थी

*माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी लगाई गई थी। कैम्प चिन्नागेलुर में जवानों को सूचना मिलने पर त्वरित उपचार के लिए कैम्प लाकर घायल ग्रामीण का उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर के लिए रवाना किया गया।*

# बाकेल, बालेंगा व लामकेर में बड़ी मात्रा में अवैध खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खरीफ सीजन को ध्यान में रखते खेती किसानी कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले रसायनिक खाद की जमाखोरी जमकर होनी लगी है। मध्यप्रदेश से दो व्यक्ति अवैध खाद के साथ गांव-गांव पहुंच किसानों को नकली खाद बेचने में लगे है। रविवार को इस गड़बड़ी की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। दोनों आरोपियों के कब्जे से जब्त खाद भानपुरी थाना के सुपुर्द कर कृषि विभाग दोनों के विरुद्ध एफआइआर की कार्रवाई में जुटा है। जब्ती कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। कृषि विभाग ने खाद के असली या नकली होने की पुष्टि नहीं की है। कृषि विभाग के अधिकारी लखन दीवान ने बताया उपसंचालक राजीव श्रीवास्तव के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। टीम में उर्वरक निरीक्षक दुर्गावती दूधी, कृषि अनुविभागीय अधिकारी तरुण प्रधान, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शारदा कश्यप सम्मलित थे। अधिकारियों के अनुसार दल को सूचना के बाद पहले बाकेल पहुंचा। जहां मध्यप्रदेश महुगंज निवासी दीपक सोढिया व अजल प्रकाश हरिजन अपने साथ लाये पिकअप वाहन में रखी लगभग 14 से 15 टन खाद किसानों को अवैध तरीके से बेचते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। दोनों आरोपियों के पास खाद बिक्री के लिए कोई प्रमाणिक दस्तावेज नहीं पाया गया। पूछताछ करने पर गोलमाल जवाब दिया गया, मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। बाकेल के अलावा बालेंगा और लामकेर में भी अवैध खाद जब्त किया गया है। देर शाम तक जब्त माल का प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा था। जब्त खाद पुलिस थाना के सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है अवैध खाद महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ कम्पनी की है। सूचना के आधार पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने अलग ⏭ शेष पेज 8 पर

■ कृषि विभाग की छापामार कार्रवाई से भानपुरी इलाके में हड़कंप



### मुनाफाखोरी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

टीम तीन अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में अवैध खाद जब्त कर भानपुरी थाना के सुपुर्द की गई है। अवैध कृत्य में सम्मलित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **राजीव श्रीवास्तव**, उपसंचालक कृषि

# फोर्स में भर्ती के लिए लालबाग में युवाओं का हुआ फिटनेस टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा जिले के अलग- अलग क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं को लालबाग फिटनेस एकेडमी में पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट का रविवार को आयोजन किया। इसमें लालबाग फिटनेस एकेडमी जगदलपुर के अलावा स्पोर्टस क्लब लोहण्डीगुडा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के अभ्यार्थियों द्वारा फिजिकल टेस्ट में भाग लिया गया। एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग व अन्य अधिकारियों द्वारा लालबाग मैदान में सभी अभ्यार्थियों को आने वाली भर्ती के लिए मार्गदर्शन दिया गया। पुलिस ऑडिटोरियम में मूवी देखी गई। एसपी सिन्हा ने बताया कि लालबाग फिटनेस एकेडमी द्वारा पिछले 4 वर्ष से अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बस्तर फाइटर में 46 अभ्यार्थी एवं अग्निवीर में 4 अभ्यार्थियों का चयन हो चुका है। एसपी ने कहा कि भविष्य में आने वाली सभी भर्ती के लिए लालबाग फिटनेश ⏭ शेष पेज 8 पर

■ एसपी समेत अधिकारियों ने आने वाली भर्तियों के लिए दिया मार्गदर्शन

# मारकेल के बाबा राइस मिल में छापा, जीएसटी मामले पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से सटे ग्राम मारकेल स्थित बाबा राइस मिल में जीएसटी मामले को लेकर छापा पड़ने से राइस मिल संचालको में हड़कंप मच गया है। रविवार की सुबह इस मिल में दबिश दी गई। हाल ही में रायपुर के दो बड़े राइस मिलर और वरिष्ठ अधिकारियों के गिरफ्तारी के बाद बस्तर में कार्रवाई की गई है। इस छापेमारी को रायपुर के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। संभवतः किसी तरह का इनपुट मिलने से यह छापामारी की गई है। बताया जा रहा है कि जीएसटी में करोड़ों की गड़बड़ी का अंदेशा है। आड़ावाल और मारकेल में इस संस्थान के दो बड़े कारोबार हैं। सेंट्रल जीएसटी की टीम द्वारा कार्रवाई किया जाना बताया जा रहा है। इसमें जीएसटी चोरी की बात कही जा ⏭ शेष पेज 8 पर




# इंश्योरेंस कंपनी दे आवेदक को 20 लाख क्षतिपूर्ति


## आयोग ने कहा- सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम शब्द नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीमा कंपनी ने आवेदक के क्षतिदावा को निरस्त कर दिया तो आवेदक ने फोरम में शिकायत की। इसमें आयोग ने कहा कि सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम और अंतिम शब्द नहीं होती। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने एक प्रकरण में आवेदक को नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 20 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश प्रदान किया है। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की ओर से किया गया।

■ क्षुब्ध होकर आवेदन उपभोक्ता फोरम आयोग की शरण में पहुंचा

आयोग के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी मोहम्मद इरफान रजा ने अपने जीवनकोपार्जन हेतु एक जेसीबी मशीन क्रय की थी। आवेदक द्वारा अपनी उक्त जेसीबी मशीन का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से करवाया गया था। परिवादी की उक्त वाहन को नक्सलियों द्वारा आगजनी कर पूर्ण रूप से जलाकर नष्ट कर दिया गया था। जिसकी सूचना आवेदक द्वारा पुलिस थाने में और बीमा कंपनी को दिए जाने पर उनके द्वारा सर्वेयर नियुक्त कर जेसीबी मशीन का सर्वे करवाया गया था। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत करने पर उनके द्वारा विलंब से सूचना देने और वांछित सहयोग प्रदान न करने तथा सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम होने का कारण बताते हुए आवेदक का क्षतिदावा बंद कर दिया गया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि यदि विलंब के कारण को संतोषजनक ढंग से समझाया गया है तो बीमा कंपनी बीमा दावों को खारिज करने का अधिकार नहीं रखती है। साथ ही बीमाकर्ता द्वारा 20 हजार रूपए या उससे अधिक के दावे के भुगतान के लिए अनुमोदित सर्वेयर द्वारा नुकसान का आंकलन किया जाना एक आवश्यकता है। लेकिन सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम और अंतिम शब्द नहीं होती है।




## कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाया आरोप, बंद कराने की मांग

# भीषण गर्मी में लोहंडीगुड़ा छात्रावास में अभाविप के शिविर का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य एवं जिले में संचालित समर कैंप को निरस्त कर दिया गया है एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को घर पर ही रहने के हिदायत दी गई है। परंतु राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन का दोहरा चरित्र उजागर होता है।

जब इस भीषण गर्मी तथा आचार संहिता के दौरान लोहंडीगुड़ा ब्लॉक स्थित गर्ल्स मैट्रिक बालिका छात्रावास में चार दिन का छात्र-छात्राओं का भाजपा, आरएसएस और अभाविप की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जहां छात्रावास अधीक्षक से लेकर चपरासी तक ड्यूटी कर रहे हैं। छात्राओं से खाना परोसवाने का कार्य लिया जा रहा है। यह आरोप युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने जारी बयान में लगाया है। उन्होंने जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग से पूछा है कि क्या चुनाव आचार संहिता के दौरान इस तरह के आयोजनों के लिए शासकीय भवनों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को जाने की अनुमति दी गई है या उन पर दबाव जिला प्रशासन द्वारा बनाया गया है। क्या छात्रावास अधीक्षक तथा चपरासियों को कोई लिखित आदेश दिया गया है। यदि नहीं तो जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के नाक के नीचे शासकीय भवन बालिका छात्रावास में ऐसे आयोजन संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है की तत्काल बंद करवाएं। इसकी जांच करते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करें अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।








## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप



### डोर टू डोर किया व्यावसायिक शिक्षा का प्रचार प्रसार

**नगरी।** श्रृंगी ऋषि स्कूल नगरी में उन बच्चों के घर जाकर काउंसिलिंग की गई जिन्होंने इस वर्ष कक्षा 9वीं में प्रवेश लिया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही सभी बच्चों एवं उनके पालक को विद्यालय परिसर में काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया था। उक्त कार्यक्रम व्यावसायिक प्रशिक्षिका श्रीमती मोनिका सिन्हा एवं प्राचार्य के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इसी संदर्भ में उन बच्चों के घर जाकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया, जो उक्त कार्यक्रम में किसी कारणवश नहीं आ सके थे। प्रशिक्षिका मोनिका सिन्हा एवं वरिष्ठ व्याख्याता आरएल सोनी ने डोर टू डोर जाकर व्यावसायिक शिक्षा का बताया। उक्त कार्यक्रम के बारे में पालकों एवं बच्चों की सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई है। पालकों ने प्रशिक्षिका मोनिका सिन्हा एवं व्याख्याता आरएल सोनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बच्चों में व्यावसायिक शिक्षा की अलख जगाने विद्यालय का कार्य सराहनीय है।

### ब्रम्हाकुमारी विवि ने निकाली नशा मुक्ति जागृति रैली

**अंवरी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा के तपस्या भवन में अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। यह रैली तपस्या भवन से होकर पुराना बस स्टैंड से नगर पंचायत तक फिर वहां से नशा मुक्ति का नारा लगाते हुए तपस्या भवन पहुंची। इस अवसर पर बीके करुणा ने कहा कि नशा समाज में फैला हुआ है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े भी इसके आदी हो गए हैं। आज बच्चों और युवाओं को इस नशा से बचाना जरूरी है। नशा और मोबाइल के मिस यूज से आज लोग बात-बात में चिड़चिड़ा जाते हैं। नशे की चीज न मिलने पर लड़ाई करने पर उतारू हो जाते हैं। तंबाकू के सेवन से अनेक प्रकार का कैंसर होता है। अधिकतर युवाओं में नशे की लत देखी जा रही है। युवाओं को नशा से मुक्त करने का प्रयास करें तभी हमारा समाज सुधार सकता है। इसकी शुरुआत हमें घर से ही करनी होगी। तंबाकू एक धीमा जहर है जो धीरे-धीरे हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इन सभी नशे से बचने के लिए राजयोग ध्यान पद्धति एक ऐसी कला है जिससे हम अपने विचारों को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। निरंतर राजयोग के अभ्यास से कई बुराइयों से मुक्त हो सकते हैं। राजयोग से हमारे अंदर कंट्रोलिंग पावर आती है जिससे हम अपने कर्मेंद्रियों को वश कर सकते हैं।

बड़ेराजपुर ब्लॉक में शिव मंदिर प्रांगण में की साफ- सफाई

# प्रशिक्षणार्थी और पूर्व सैनिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में 2 जून को स्वच्छता अभियान चलाया गया। विदित हो कि प्रत्येक रविवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में कोंडागांव ब्लॉक, फरसगाँव ब्लॉक, बडेराजपुर ब्लॉक और केशकाल ब्लॉक में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बडेराजपुर ब्लॉक के पूर्व सैनिकों और प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर शिव मंदिर प्रांगण में साफ – सफाई की। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बडेराजपुर ब्लॉक के उपाध्यक्ष रुपउ राम मरकाम, सचिव संतोष कुमार मरकाम और बडेराजपुर ब्लॉक में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



# सीईओ कर को दी गई सेवानिवृत पर विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



माकडी विकासखंड में पदस्थ सीईओ आर के कर को मई माह में सेवानिवृत होने पर सचिव सरपंच संघ जनपद पंचायत माकडी के सभी कर्मचारियों की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया था। स्थानीय पंचायत संसाधन केंद में जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों और सरपंच सचिव और कर्मचारियों ने अल्प समय में आर के कर सीईओ के द्वारा किए गए कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। सीईओ श्री कर ने अपने सेवा काल में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सरकारी कर्मचारी द्वारा किए गए कार्य जो जनता के हित मे शासन द्वारा प्रदाय किया जाता है, उसे धरातल पर क्रियान्वित करना हमेशा चैलेंज रहता है। हमने हर समय सभी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने में अपनी योग्यता अनुसार कोशिश की, जिसके फलस्वरूप मुझें लोगो का आशीर्वाद और दुआएं भी मिलीं, आप सभी भी जनहित कार्य अवश्य करें। कार्यक्रम की समाप्ति पर जनपद पंचायत परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह और शाल, श्रीफल से सीईओ आर के कर का सम्मान भी किया गया। विदाई समारोह में सचिव सरपंच संघ, स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही व्यापारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित थे।

**विकास :** फ्लोर पर बिछी टाइल्स, छत पर लगा नया शेड, 4 नए पंखे लगाए गए

# बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय का हो रहा कायाकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अर्जुनी स्थित आरक्षित भूमि पर तो नया बस स्टैंड नहीं बना पाया लेकिन शहर के मौजूदा बस स्टैंड का नगर निगम प्रशासन की ओर से जरूर कायाकल्प किया जा रहा है। आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने बताया कि अब बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय को संवारा जा रहा है। शुरूआत में फ्लोर पर टाइल्स लगाई जा चुकी है। 4 नए पंखे लगाए गए हैं। शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाया जाएगा ताकि यात्रियों को पानी के लिए भटकना न पड़े। वर्तमान में यात्रियों को वाटर एटीएम व बीएस किरी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बनाए गए वाटर टैंक से ठंडा जल उपलब्ध हो रहा है। बस स्टैंड में अस्थायी प्याऊ खोलकर पानी की व्यवस्था की जा रही है।

गौरतलब है कि निगम आयुक्त विनय पोयाम, उपायुक्त पीसी सार्वा, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने कुछ दिन पहले बस स्टैंड का निरीक्षण किया था जिसमें यात्रियों एवं व्यापारियों से चर्चा कर व्याप्त समस्याओं को दूर करने की बात कही थी। खासकर यात्री प्रतीक्षालय में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया था। यात्री प्रतीक्षालय को स्वच्छ रखने विभिन्न जगहों पर डस्टबीन रखवाया गया। प्रतीक्षालय की दीवार व फर्श पर टाइल्स लगवाई गई। साफ-सफाई व देखरेख के लिए एक कर्मचारी तैनात किया गया। यात्री बस, टैक्सी स्टैंड, आटो, बाइक आदि वाहन को व्यवस्थित रखने निर्देश दिया गया। यात्रियों को बस के इंतजार में कोई तकलीफ न हो, इसका ख्याल रखा जा रहा है।

### अत्याधुनिक टायलेट का निर्माण

बस स्टैंड में अत्याधुनिक टायलेट रूम का निर्माण किया जा रहा है जो अंतिम चरण पर है। कमोड सीट, इंडियन सीट, बाथरूम, यूनिरल, रेस्ट रूम आदि अटैच रहेंगे। घंटे भर रूकने वाले यात्री यहां फ्रेश हो सकते हैं। इस टायलेट का निर्माण 25 लाख की लागत से किया जा रहा है।



### फीडिंग रूम का निर्माण

शिशुवती के लिए यात्री प्रतीक्षालय में फीडिंग रूम का निर्माण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि बस स्टैंड से रोजाना 300 से अधिक बसों का आवागमन होता है। यात्रियों में शिशुवती महिलाएं भी होती हैं जो जगह नहीं मिलने पर मजबूरन सार्वजनिक स्थलों में साड़ी या दुपट्टे से ढंककर स्तनपान कराती हैं। फीडिंग रूम के निर्माण से महिलाओं को सुविधा होगी।

# अग्रवाल समाज की महिलाओं ने किया मठा वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन का नया कार्यकाल शुरू हुआ जिसमें अध्यक्ष पद श्रीमती सरोज अग्रवाल एवं सचिव श्रीमती अनीता गोयल को चुना गया।

सम्मेलन की विशेष सलाहकार सदस्य श्रीमती सरिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यकाल की शुरुआत पुनीत कार्य से की गई। पदभार संभालते ही श्रीमती सरोज अग्रवाल ने अपने कार्यकाल की शुरुआत निर्धन कन्या के विवाह के लिए योगदान राशि और सामान देकर की।

तत्पश्चात इस नौतपा में बालाजी पैथोलॉजी लैब के सामने छांछ का वितरण का कार्य किया। आम का शरबत पिलाया गया। इस कार्य में बालाजी पैथोलॉजी लैब की डॉक्टर श्रीमती पूर्वी अग्रवाल का भी योगदान रहा। मौके पर सरोज अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, ललिता अग्रवाल एवं निर्मला अग्रवाल भी उपस्थित थीं।

# उजाड़ हुए स्कूलों के किचन गार्डन

**फैक्ट फाइल**

| विकासखंड | पोषण शक्ति योजना वाले स्कूल | क्रियाशील किचन गार्डन |
|---|---|---|
| धमतरी | 344 | 32 |
| कुरूद | 308 | 10 |
| मगरलोड | 226 | 23 |
| नगरी | 471 | 38 |

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- कहीं पर पानी की सुविधा नहीं तो कहीं पर मेंटनेंस का अभाव

जिले के 1349 मिडिल और प्राइमरी स्कूलों में किचन गार्डन डेवलप किया गया था, इसमें से सिर्फ 103 में ही किचन गार्डन जिंदा है। बाकी स्थानों पर पर किचन गार्डन झाड़ियों और खरपतवार से पट गया है। स्कूली बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिले के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में किचन गार्डन डेवलप किया गया था। इन किचन गार्डनों में हरी सब्जियों का उत्पादन कर उसे मध्यान्ह भोजन में उपयोग किया जाता था लेकिन अनदेखी के चलते स्कूलों के किचन गार्डन उजाड़ हो गए हैं। अधिकांश स्कूलों में पानी तक की व्यवस्था नहीं है। सिंचाई की सुविधा नहीं मिलने पर किचन गार्डनों में सब्जियों का उत्पादन ही बंद हो गया है। 1349 स्कूलों में से सिर्फ 103 में ही किचन गार्डन संचालित हो रहे हैं। वहां भी भयावह गर्मी से सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। वर्तमान में संचालित किचन गार्डनों में कुम्हड़ा, लौकी जैसी नार वाली सब्जियां ही लगी हैं। बाकी सब्जियों का उत्पादन बंद हैं।

### जो मेहनत करेगा, वहीं फल खाएगा

किचन गार्डन के कांसेप्ट में बाड़ियों की देखरेख की जिम्मेदारी प्रधानपाठक और मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाली महिला समूहों को दी गई है। इसमें यदि महिला समूह सब्जी का उत्पादन करती है, तो उन्हें सब्जी मुफ्त में मिलेगी। वहीं यदि महिला समूह ध्यान नहीं देती है और प्रधानपाठक बाड़ी की देखरेख करता है तो समूहों को सब्जी के मूल्य का भुगतान बाजार रेट पर प्रधानपाठक को करना होगा। उल्लेखनीय है कि अधिकांश स्कूलों में न तो प्रधानपाठकों ने इस ओर ध्यान दिया और न ही महिला समूहों ने।

# नेशनल ट्रैकिंग एनसीसी के लिए शामपुर से तीन छात्राएं रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



शामपुर में संचालित जूनियर विंग बालिका एनसीसी की तीन छात्राओं का चयन राष्ट्रीय एनसीसी ट्रैकिंग कैंप 2024 बालाघाट मध्यप्रदेश के लिए किया गया है। वर्ष 2024 के लिए कक्षा नवमीं की जिज्ञासा मरकाम, योगिता नेताम एवं कक्षा आठवीं की संध्या पोयाम का चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से नौ बालिकाओं का चयन हुआ है, उसमें से तीन बालिकाएं हायर सेकेंडरी शामपुर जिला कोंडागांव की है। इन चयनित विद्यार्थियों को शिविर के लिए विदा करने के पूर्व विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत शामपुर की सरपंच श्रीमती टोकेश्वरी नेताम विशेष अतिथि श्रीमती भुवनेश्वरी चौहान, देवनारायण पांडे कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित होकर बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास, एनसीसी केयरटेकर श्रीमती सिया पोयाम , भारत मंडावी मार्गदर्शक , राजेश नेताम, सुशील सिंह , रविंद्र गावडे सुश्री मुस्कान गुप्ता के अलावा परमेश्वर मंडावी सहित प्रतिभागी छात्राओं के पालक उपस्थित रहकर अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

**नालियों में स्लेब होने के कारण 5 साल से नहीं हुई थी सफाई**

# जेल रोड और नेशनल हाईवे की नालियों से निकला 20 ट्रैक्टर मलबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर पालिक निगम द्वारा बारिश के पूर्व शहर के नाली-नालों की सफाई की जा रही है ताकि शहर को जलमग्न होने से बचाया जा सके। मार्च से शुरू हुए सफाई अभियान के लिए शहर को 16 प्वाइंट में विभाजित किया गया है। सबसे ज्यादा जलमग्न होने वाले क्षेत्रों की नालियों व नाला की सफाई कई क्रम में की जा रही है। नालियों के स्लेब को हटाकर कचरा निकाला जा रहा है। यह वही नालियां हैं जिसकी वर्षों से सफाई नहीं हुई है। नालियों में 3 से 4 फीट तक मलबा जाम था जिसे जेसीबी की सहायता से निकाला जा रहा है। खासकर नेशनल हाईवे मार्ग को ज्यादा फोकस किया जा रहा है जिसकी 20 वर्षों से सफाई नहीं हुई थी। इस हाटस्पॉट में बठेना, सरदार वल्लभ भाई वार्ड, नेशनल हाईवे, बठेना चौक भी आता है जिसकी विगत 5 वर्षों से सफाई नहीं हुई थी। कारण जानने पर पता चला कि नालियां व नाले बड़े-बड़े स्लेब से ढंका हुए थे जिसके कारण सफाई कार्य रूका हुआ था।

निगम के स्वच्छता अधिकारी व टीम प्रभारी मोहम्मद शेरखान ने बताया कि टीम दो दिन से सफाई अभियान में जुटी हुई है। इस कार्य में दो जेसीबी, दो मेटाडोर, दो ट्रेक्टर व 16 कर्मचारी मोर्चा सम्हाले हुए हैं। सफाई अभियान के अंतिम चरण में अर्जुनी थाना रोड, जेल रोड, अर्जुनी चौक से बठेना चौक तक नेशनल हाईवे मार्ग के किनारे नालियों से 20 ट्रेक्टर मलबा निकाला जा चुका है जिसे सूखने के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा गया है। वार्डवासी गौतम सिंह कश्यप, दिनेश सूरी आदि ने बताया कि वार्ड की नालियों की विगत 5 वर्षों से सफाई नहीं हुई थी। नालियों को स्लेब से पूरी तक ढंक दिया गया था। गंदे पानी का फ्लो पूरी तरह रूक गया था। बारिश होने के बाद नाली का पानी सड़कों पर आ जाता था।



# गुदगुदा में श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री




ग्राम गुदगुदा नयाडीह में साहू परिवार द्वारा 7 जून तक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक महंत सिया भुनेश्वरी शरण महाराज के शिष्य महंत सिया गोवर्धनशरण व्यास महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना हैं। परायणकर्ता सुशील तिवारी, बलराम महाराज हैं। कथा शाम 4 बजे से 8 बजे तक रखी गई है। 30 मई को साहू परिवार सहित अन्य महिलाओं द्वारा कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। गौकर्ण की कथा सुनाई गई। 31 मई को परीक्षित जन्म एवं वराह अवतार के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। शनिवार को कपिल अवतार एव ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई गई। 2 जून को वामन अवतार और नरसिंह अवतार की कथा सुनाई जाएगी। कथा श्रवण का लाभ जागेश्वरी साहू, कुंदन लाल साहू, अनीता साहू, वैभवी साहू, श्रीयांश साहू, हुलास साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु ले रहे हैं।



## पेज 7 के शेष

### बाकेल, बालेंगा व ...

अलग स्थानों में छापामार कार्रवाई करते 283 बोरी खाद को मौके से बरामद किया है। साथ ही मौके स्थल से भंडारण किये दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खाद को जब्त कर लिया गया हैं। दुकानदार द्वारा मंगाए गए खाद का लाइसेंस व अन्य दस्तावेज नहीं पाया गया।

### फोर्स में भर्ती के ...

एकेडमी जगदलपुर टीम की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इनके द्वारा फोर्स में भर्ती के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षणः एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि लालबाग फिटनेश एकेडमी जगदलपुर की टीम द्वारा युवाओं को फोर्स में शामिल होने मार्गदर्शन व फिजिकल टेस्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रधान आरक्षक खेमसिंग नेगी, के अलावा डीएसएफ विन्डोराज सलाम, महिला प्रधान आरक्षक सगरो सलाम, आरक्षक थानेश्वरी कश्यप, बस्तर फाईटर की आरक्षक निलमणी कश्यप, दयावती नाग, धनाय गोयल, वंदना नाग, नितिका बघेल, मिलोगी बघेल, गौतम दीवान, तनू भारती, प्रशांत कुमार तथा स्पोर्ट्स क्लब लोहण्डीगुडा की ओर से शंकर पटेल की अहम भूमिका है।

### मारकेल के बाबा ...

रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बाबा राइस मिल में सुबह से ही जीएसटी टीम पहुंचकर कारोबारी के खिलाफ जीएसटी चोरी के मामले में जांच कर रही है। जांच टीम गोपनीय रूप से पहुंची और जरूरी कागजात लेकर रवाना हो गई। बताया गया कि डीजीआई की टीम ने शिकायतों के बाद सेन्ट्रल की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया कि मिलर्स संचालक पर बड़ी रकम लेन देन तथा माल विक्रय पर पार्टी को पक्का बिल देने में गड़बड़ी का मामला बनाया गया है। आड़ावाल में उक्त राइस मिलर्स का बाबा ट्रेडर्स के नाम से बड़ी दुकान है। इन दोनों जगह जीएसटी राशि में गड़बड़ी का प्रकरण बनाए जाने की जानकारी मिली है। बाहर से पहुंचे दल ने कार्रवाई की इसलिए स्थानीय स्तर पर इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म मामले का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**धमतरी।** युवती से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेज दिया है। इस मामले के पहले आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार 24 जनवरी को अर्जुनी थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को आरोपी तुकेश्वर साहू वर्तमान निवास रिसाईपारा व मनभावन कहरा कोरबा निवासी ने बादाम शेक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद आरोपियों ने युवती से दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर आरोपियों द्वारा वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण किया जाता रहा। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी तुकेश्वर साहू पिता हेमलाल उम्र 34 वर्ष व मनभावन कहरा पिता रामाशीष 34 वर्ष कोरबा वर्तमान निवास जांजगीर के खिलाफ धारा 376-घ, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी तुकेश्वर साहू को 9 मई को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं दूसरा आरोपी मनभावन फरार था। पुलिस तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी तक पहुंच गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की जेब से सोने का जेवरात भी जब्त किया गया। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, एएसआई संतोष, प्रआ दीपक साहू, आरक्षक मनोज उरांव का योगदान रहा।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 4 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 जून गुरूवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनर संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालीन प्रकरण पर चर्चा की जाएगी। पेंशनर एसोसिएशन के लिए राशि प्राप्त करने की रसीद एवं काउंटर बुक जिनके पास भी है, उन्हें लाने का आग्रह किया गया है। विरेन्द्र नाग अध्यक्ष, मोतीलाल हिरवानी सचिव ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### नक्सलवाद के कांटों में शांति का फूल खिलाने धरातली प्रयास बना चर्चा का विषय

# नक्सलवाद पर विजय के लिए विजय के प्रयासों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छग में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से लगने लगा था कि इस बार बस्तर में शांति की दिशा में धरातली प्रयास होंगे। इस दिशा में प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर से इसकी शुरूवात कर आम लोगो से चर्चा करते हुए शांति की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। वही आम नागरिकों को भी अहसास होने लगा है िइसि बार नक्सलवाद को लेकर ईमानदार पहल होगी और खुन खराबे से सनी सड़को में विकास की गंगा बहेगी।

भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी गाँव से हुई थी। नक्सलबाड़ी गाँव के नाम पर ही उग्रपंथी आंदोलन को नक्सलवाद कहा गया। बस्तर में नक्सलियों ने 1983 के आसपास बीजापुर क्षेत्र में अपनी आहट दी थी और 1987 में अविभाजित बस्तर जिले के बीजपुर जिले के जनपद अध्यक्ष कुरसम रामैया की हत्या की थी जो आज पर्यन्त तक खुनखराबे के साथ जारी है।

**एक अच्छी पहल के साथ नई शुरूआत :** बस्तर के लगभग सभी जिलों को चपेट में लिये नक्सलवाद को लेकर प्रदेश के साथ साथ दिल्ली में भी अब शांति की दिशा में प्रयास शुरू हो गये है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा धरातल पर आकर नई रणनीति के तहत आमजनों से चर्चा कर शांति की दिशा मे कार्य शुरू कर दिये है। जिस तरह से गृहमंत्री श्री शर्मा एक माह में कई दफे बस्तर का प्रवास कर अमन चैन के लिए दिन रात एक कर रहे है उससे लोगो में नया संदेश जाने लगा है।

### स्थानांतरण नीति में हो बदलाव

बस्तर में 40 वर्ष से अधिक सतय से अंगद की तरह पैर जमाये नक्सलवाद को लेकर पूर्व में भी प्रयास हुए थे लेकिन सफलता के नाम पर शुन्य हासिल हुआ। सुत्रो की माने तो इस लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मीयो के स्थांतरण नीति में बड़ी खामियां है। आज भी बस्तर में दर्जनों की संख्या में पुलिस निरीक्षक तैनात है जो पिछले 6 से 8 वर्षो से लगातार बस्तर में अपनी सेवा दे रहे है। इसके अलावा इनके नीचे के पुलिस कर्मी तो कई वर्षो से स्थांतरण की बांट जो रहे है। कांग्रेस सरकार के समय में भी पुलिस के अधिकारी कर्मचारी अपने नीतिगत स्थांतरण को लेकर गुहार लगाये थे लेकिन उक्त सरकार में भी उनकी एक भी नही सुनी गई। पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के लिये दो वर्ष में स्थांतरण की नीति बननी चाहिये।

## गृहमंत्री सहित प्रदेश सरकार का सकारात्मक रूख



- बस्तर को कालापानी की संज्ञा देना हो बंद
- पुलिस के स्थानांतरण नीति की खामियां को किया जाए दुरूस्त




### बस्तर को ना समझा जाये कालापानी की सजा

अक्सर देखा गया है कि राजधानी व मैदानी क्षेत्रो में तैनात अधिकारी कर्मचारी को बतौर सजा के तौर पर बस्तर भेजे जाने की धमकी दी जाती है और स्थांतरण उपरांत वो कर्मचारी अपने आपको कालापानी की सजा समझ कर जैसे तैसे दिन गुजारता है। इस दौरान उक्त के द्वारा अपने कत्र्तव्यों के प्रति जो निष्ठा दिखानी होती है वो न दिखा कर उल्टे कहता है कि इससे बुरी जगह कहां भेजोगे।

### भ्रष्टाचार पर कसा जाए नकेल

नक्सलवाद की जड़े हिलाने से पहले बस्तर में व्याप्त भ्रष्टाचार को पहले दुर किया जाना चाहिऐ। बस्तर के घोर नक्सल प्रभावित जिलो के लिये भेजे जाने वाले पैसो मे 50 फीसदी राशि बंदरबांट में चली जाती है। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2012-13 में सुकमा जिले के लिये केन्द्र सरकार द्वारा आईएएपी मद से प्रति वर्ष 20 करोड़ रूपये नक्सल प्रभावित ग्रामों के विकास के लिये भेजा गया था। एक अकेले सुकमा जिले मे उस दौरान 3 वर्षो में 65 करोड़ रूपये अकेले सुकमा जिले को प्राप्त हुआ था जिसमे से मात्र 2.5 लाख रूपये ही जगरगुण्डा क्षेत्र में खर्च किये गये बाकी सुकमा जैसे शहरो के आसपास सीसी सड़क व चार दीवारी में र्ख कर दिये गये। ऐसे कई मामले है जिसे करोड़ो अरबो रूपये नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के लिये भेजा जाता है लेकिन वो सिर्फ फर्जी रिपेयर में ही खर्च हो जाता है।

### ग्रामीणों का विकास के साथ दिल जीतना जरूरी

बस्तर में शिक्षा की कमी व विकास से कोसो दुर होना भी नक्सलवाद का प्रमुख कारण रहा है। आज भी कई जिलों मे शहरी क्षेत्रो को छोड़ दिया जाये तो आजादी के 77 वर्ष बाद भी सैकड़ो की संख्या में शालाये बंद है, आज भी 60 फीसदी आबादी को स्वच्छ पेयजल नही मिल पा रहा है। दुसरी ओर वातानुकुलित जीवन जी रहे शहरी क्षेत्रों में निवासरत लोगो को शायद नही पता कि आजाद भारत में बस्तर के कई ग्रामों में अंधेरा आज भी कायम है। गरीबों के लिय सस्ता राशन सरकार भेजती है लेकिन कई ग्रामों में गरीबों तक पहुंचने से पहले वो अमीरो के मिलों तक चला जाता है। गरीबो के लिये होने वाले विकास कार्यो में 20 से 30 फीसदी कमीशनखोरी से कैसे दिल जीतने की बात हो सकती है।

### पहले गृहमंत्री जो दिलों पर राज करते हैं



बीजापुर जिले के जनप्रतिनिधि अजय यिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद विजय शर्मा ऐसे पहले गृहमंत्री है जो बस्तर वासियों के दिल जीतने में लगे है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार की शांति की दिशा में अच्छी पहल है लेकिन जितने भी विकास कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है वो गुणवत्ता के साथ हो साथ ही पुलिस के स्थांतरण नीति में भी अमलचुल बदलाव की जरूरत है।




# स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सिंधु भवन में पतंजलि योग समिति ने प्राकृतिक चिकित्सा पर दी जानकारी

सिंधु भवन में सिंधी पंचायत एवं पतजंलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में असाध्य रोग सम्बंधित स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। डा मनोज पाणिग्रही का स्वागत सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी एवं सचिव हरेश नागवानी ने किया। परिचर्चा में नागरिकों ने स्वास्थ्य एवं जटिल रोगों से संबंधित प्रश्न किए। जिसमे ब्लडप्रेशर, पेट दर्द, एरिक एसिड का बढ़ना, शूगर, नींद न आना, कब्ज जैसे तकलीफों से सम्बंधित सवाल किए गए। जिनका घरेलू उपचार, आयुर्वेद उपचार तथा योग आधारित समाधान बताया गया। पानी के उपयोग से नुकसान एवं फायदे बताया गया कि भोजन करने के आधे घण्टे पूर्व तथा आधे घण्टे पश्चात पानी ग्रहण करने पर स्वास्थ्य में लाभ होता है। सुबह उठते ही कम से कम खाली पेट 3 से 4 ग्लास पानी पीने से छोटी मोटी बीमारियों से निजात मिलेगी। आयोडीन युक्त नमक की जगह सेंधा नमक, काला नमक का उपयोग करने पर रक्तचाप नही बढ़ता। निम्बू, अदरक, चुकंदर, लौकी जूस, गाजर, आंवला सेवन के होने वाले फायदे की जानकारी दी गई।

इस दौरान अनिल हासानी, सुरेश मेठानी, विजय बसन्तवानी, दीपक वासवानी, किशोर मनवानी, बसंत मेघानी, डब्बू, सुरेश, रविन्द्र हेमनानी, बृजलाल, शिवम, महेश, बंटी, नीलम, लक्ष्मी, भारती, रेशमा उपस्थित रहे। सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

# रोजगार गारंटी में डबरी निर्माण का कार्य मशीनों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- जनपद उपाध्यक्ष ने लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की



जनपद पंचायत बकावंड के ग्राम पंचायत मालगांव में किसान तुलसी और बुदरी के नाम पर वर्ष 2021-22 में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत डबरी निर्माण के लिए हितग्राही मूलक कार्य मंजूर हुआ था। मिली जानकारी के मुताबिक प्रत्येक डबरी निर्माण के लिए 2 लाख 93 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। डबरी निर्माण कार्य में हितग्राही किसान के परिवार को तथा आवश्यकता के अनुरूप गांव के अन्य मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना था। सरपंच बलराम, पंचायत सचिव दीपिका दास, रोजगार सहायक देबी सिंग, तकनीकी सहायक श्रवण ने मजदूरों से काम कराने के बजाय मशीनी उपकरणों से डबरी का निर्माण कराया। हितग्राही परिवारों के दो चार लोगों को ही मिट्टी खोदाई और मलबा निकासी काम पर रखा गया था। डबरी निर्माण कार्य हितग्राही मूलक और रोजगार मूलक थे, इसलिए उसमें लगाए गए मशीनी उपकरण का भुगतान दस्तावेजों में लिखा नहीं जा सकता था। इसलिए फर्जी मस्टररोल बनाया गया। मगर उसमें भी जरूरत से ज्यादा मजदूरों का नाम डालकर मशीनी उपकरण की किराया राशि से अधिक राशि निकाल ली गई। इसी तरह मनरेगा मद से भी 1 लाख 69 हजार रुपए फर्जी मस्टररोल के सहारे निकाले जाने की शिकायत मिली है। ग्रामीणों ने शिकायत जनपद पंचायत बकावंड के सीईओ एसएस मंडावी से भी की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत सचिव दीपिका दास 8-9 साल से मालगांव पंचायत में पदस्थ हैं।

### जनपद उपाध्यक्ष ने की शिकायत

ग्राम पंचायत मालगांव में चल रही गड़बड़ी और सरकारी धन की बंदरबांट की शिकायत जनपद पंचायत बकावंड के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता आचार्य रामानुजम ने वरिष्ठ अधिकारियों से की है। उन्होंने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, मनरेगा के सहायक परियोजना अधिकारी और बकावंड जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मालगांव ग्राम पंचायत में मनरेगा के नाम पर की गई आर्थिक गड़बड़ी से जुड़े मामले की लिखित शिकायत की है। डबरी निर्माण की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# जनपद पंचायत अध्यक्ष ने आंधी-तूफान से प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





जनपद पंचायत अध्यक्ष अंती वेक ने शुक्रवार व शनिवार शाम आये तेज आंधी तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। गौरतलब है कि तेज आंधी तूफान से गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत हारम व कारली में आमजन के घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। नुकसान की सूचना मिलने पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गीदम अंती वेक हारम सहित अन्य पंचायतों में पहुंचकर ग्रामीणों को हुए नुक़सान का जायज़ा लिया और लोगो से रूबरू हुई। साथ ही उनको हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। इस तेज आंधी तूफान से कई घर क्षतिग्रस्त, किसी घर के ऊपर की छत उड़ गई तो कही तेज आँधी तूफान के प्रभाव से कई पेड़ और बिजली के तार टूट गये। जिससे दर्जनों गाँव अंधेरे में डूब गए है। इस दौरान ग्राम पंचायत हारम के डोगरी पारा व गायतापारा में आंधी तूफान से प्रभावित घर पहुंची। साथ ही प्रभावित घरों व अन्य नुकसान का आंकलन कर आवश्यक कार्यवाही करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। शीघ्र ही प्रकरण बनवाकर पीड़ित परिवार को समय पर मुआवजा दिलवाने की बात कही।



# कर्मचारी संगठन ने पीएल वर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला बस्तर के पूर्व अध्यक्ष पीतांबर लाल वर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर संगठन की ओर से विदाई समारोह का आयोजन कर शाल,श्रीफल से सम्मानित किया गया गया। इस अवसर पर संगठन के अजय श्रीवास्तव ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने वर्मा के निर्वाचन संबंधी जानकारी को बताया, और महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। संभाग प्रभारी कैलाश चौहान ने पीतांबर वर्मा के व्यक्तित्व और कार्यशैली पर प्रकाश डाला। पशु चिकित्सा सेवाओं के अध्यक्ष राकेश दुबे ने भी प्रशंसा करते हुए हुए कहा की संगठन में इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

इस अवसर पर सचिव अनिल प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र पांडे, संजय वैष्णव, जी.एल. यादव, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी, पशु चिकित्सा सेवा पदाधिकारी, प्रेम सिंह ठाकुर ,जिला सचिव कोंडागांव प्रदीप श्रीवास्तव, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सचिव अतुल शुक्ला ने किया।

# कलेक्टर के प्रयास से महीनों से बंद पड़ा सोलर पंप हुआ चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



विकासखंड लेंड्रा ग्राम पंचायत के टिकरापारा में महीनों से बंद पड़ा सोलर पेयजल पंम्प ग्रामीणों को बहुंत तकलीफ दे रहा था। 40 डिग्री सेल्सियस पार तापमान से ग्रामीण त्राहि-त्राहि कर रहे थें। समस्या की जानकारी कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम तक पहुंचा, जिन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए क्रेड़ा विभाग को तत्काल निराकण के निर्देश दिए, निर्देश मिलते ही क्रेड़ा विभाग हरकत में आया। आवश्यक मरम्मत करते ही पेयजल सुचारु रूप से संचालित हुआ है। सैकड़ो ग्रामीणों को पेयजल समस्या से राहत मिल गई है।

उल्लेखनीय है की यह सोलर पंम्प जंहा स्थित है वंहा पेयजल के लिए लगभग 50 घरों के लोंग आश्रित है, सोलर पंम्प के काम नहीं करने से लगभग 300 लोंगो को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ रहा था। भीषण गर्मी ने लोंगो के सामान्य जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है, ऐसे स्थिति में पेयजल का उपलब्ध न होना लोंगो के लिए बेहद असहनीय हों गया था। स्थानीय लोंगो में कलेक्टर के प्रति आभार का भाव प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। ग्रामीणजन रामसाय मौर्य, रामु राम नाग, गुड्डू कश्यप, जयदेव मौर्य, तुला राम कश्यप, कमलू राम, जगत राम बघेल, दयाराम कश्यप, मनकी, नीला, सोमारी, जयमनी, लक्षनी, महादेई, बूदाय, मासो, श्यामबत्ती, मनबत्ती, कोयली, चेतो ने पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम के प्रति आभार जताया है।

इस संदर्भ में कलेक्टर बस्तर विजय दयाराम ने कहा की पेयजल सुविधा आम नागरिकों के बुनियादी सुविधाओं में से है जिसे प्रशासन अनदेखी नहीं कर सकती है। हमारा दायित्व हर आम नागरिको के प्रति सवेंदन शील है, हम नागरिकों के सुविधा के लिए किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

# 37 शिक्षक अपने ब्लाकों में जाकर बताएंगे पर्यावरण का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




भारत सरकार के मिशन लाइफ के अंतर्गत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय यूथ एवं ईको क्लब प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सातों विकासखंड के 37 शिक्षकों ने भाग लिया। यूथ एवं ईको क्लब का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता विकसित करना, विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाना है। 5 से 12 जून तक पर्यावरण संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यूथ एंड ईको क्लब के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, सतत खाद्य प्रणाली को अपनाने ई-अपशिष्ट कम करने, कूड़ा-कचरा कम करने, ऊर्जा बचाने, पानी बचाने सहित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने सम्बन्धी जनजागरूकता लाने के साथ ही इस दिशा में पहल किये जाएंगे। यूथ एंड ईको क्लब सम्बन्धी उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स जितेश देशमुख एवं ज्योति धुरव द्वारा शिक्षकों को अपने विकासखण्डों में यूथ एंड ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा और सभी विकासखण्डों के खंड स्त्रोत समन्वयक शामिल हुए।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव में भी मिलेगी जीत

**जगदलपुर।** भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक साव ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं प्रवक्ता केदार कश्यप के नेतृत्व में जिस तरह से विधानसभा चुनाव में भाजपा को सफलता हासिल हुई थी, उसकी तरह इस लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

### कलेक्टर को ज्ञापन देंगे आज

**जगदलपुर।** बलरामपुर की घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल हत्यारों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग को लेकर 3 जून को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। सभी सनातनियों एवं पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है कि सोमवार की सुबह 10 बजे कमिश्नर कार्यालय चौक में पहुंचे। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अमन शर्मा ने दी है।

### अस्पताल के पीछे प्लाट में मिला अधेड़ का शव

**धमतरी।** शुक्रवार की रात्रि रूद्री रोड स्थित शराब दुकान के पास लापता हुए अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय पोस्ट आफिस वार्ड निवासी गोविंद पटेल पिता बहुराम उम्र 48 वर्ष गुरुवार की शाम को घर से निकला था जो रात व दिन में भी घर नहीं लौटा था। अधेड़ के लापता होने के 24 घंटे बाद परिजनों को गोविंद के रूद्री रोड स्थित शराब दुकान के पास व एक निजी अस्पताल के पीछे प्लाट में मृत हालत में मिलने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली पुलिस व परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे जहां शव औंधेमुंह जमीन पर पड़ा था। उसकी पीठ पर फफोले निकले हुए थे। शव की स्थिति को देखते हुए मामला प्रथम दृष्टया हत्या होना प्रतीत हो रहा था। पुलिस ने रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से शव को रात्रि में ही जिला अस्पताल लाकर मर्च्यूरी में शिफ्ट कर दिया।

### कुल 400 किमी से अधिक दूरी तय करने वाले वाहनों में होते हैं दो चालक

# सीमावर्ती राज्यों मे यात्री बसों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

लीलाधर राठी ▸▸ सुकमा

एक ओर जहां सीमावर्ती राज्य तेलांगन, आंध्र में यात्री बसों को लेकर पुरी सजगता बरती जा रही है तो दुसरी ओर सुकमा जिले से गुजरने वाली बसों के चालक खतरों के खिलाड़ी बनकर खुद के साथ साथ 50 से 60 यात्रियों के जिंदगी के साथ खेल रहे है। वही 1100 किमी तक एक बस चालक से बसें चलवाई जा रही है तो दुसरी ओर सीमावर्ती राज्य में कुल 400 किमी से मात्र 1 किमी भी अधिक होने पर दो चालक बसों में रहते है।

- लंबी दुरी यात्रा तय करने के बाद मिलता है 36 घंटे का विश्राम

अधिक देश व प्रदेश में यात्री बसों व अन्य दुर्घटना की खबर आम हो गई है। खासकर छग में यात्री बसों व पिकअप दुर्घटना अब हर दुसरे दिन सुनाई देने लगी है। वही घटना के बावजुद प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने के बजाय महज खानापूर्ति करने को लेकर व्यवस्था पर ही सवालिया निशान लगने शुरू हो गये है। शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे के बाद नये निर्देश का इंतजार हो।

**न छुट्टी न आराम, हो गया है रोज का काम**: खासकर सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा व मलकानगिरी जिले के लिये चलने वाली बसों के चालक किसी फिल्मों के कलाकार से कम नही होते। सीधे सीधे कहे तो वे खतरों से खेलने के आदी हो चुके है। दुर्ग, रायपुर, जगदलपुर, किरंदुल से चल कर 1000 से अधिक किमी की दुरी करने वाली यात्री बसों में यात्रा कितनी सुरक्षित है वो बसों मे चलने वाले चालको को देख कर समझा जा सकता है। बताया जाता है कि इन बसों की स्टेरिंग प्रारंभ से लेकर अंतिम तक व पुनः अंतिम से लेकर प्रारंभ स्टेशन तक एक ही बस चालक के हाथों में होती है।

## छग के निजी बसों में एक ही चालक तय करता है 1100 किमी

### बिना वर्दी स्टेरिंग में नही

आंध्र व तेलांगन की बसों के चालक हमेंशा शासन द्वारा तय वर्दी में ही नजर आते है। और चालक कोड बैच नंबर स्पष्ट नजर आता है। इन यात्री बसों के नियम इतने कड़े होते है कि कोई भी यात्री बिना टिकीट के नही होता है अगर ऐसा निरीक्षण के दौरान पाया गया तो सीधें निलंबन नही बल्कि बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाती है। वही नशे की हालत में अगर जांच के दौरान याया गया तो तत्काल ऑनस्पाट निलंबन के साथ साथ दुसरे चालक के हाथें मे स्टेरिंग दे दी जाती है। वही उक्त चालक को हमेशा लंबी दुरी की बस से कार्यभार छीन लिया जाता है।





### आरटीओ के साथ मिलकर करेंगे कार्रवाई : एएसपी

बसों के मामले को लेकर कोन्टा में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने कहा कि समय समय पर बसों के साथ साथ अन्य वाहनों की भी सघन जांच होती है। लेकिन वर्दी, चालक व पार्सलों को लेकर आरटीओ व हमारी टीम संयुक्त रूप से अभियान चलायेगी ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

### बिना यात्री कोई लगेज नही

सीमावर्ती राज्यों की बसों मे अगर यात्री बस में सवार नही है तो किसी भी तरह को लगेज बस में नही लिया जाता है तो दुसरी ओर छग की लगभग सभी यात्री बसों मे लिफाफा से लेकर बड़े बड़े कार्टुन व बोरों को 200 से लेकर 400 तक भाडत्रा लेकर बिना किसी बिल्टि या दस्तावजे के लाया जाता है, गौरतलब है कि सुकमा, बीजापुर व दंतेवाड़ा पूर्ण रूप से नक्सल प्रभावित जिलों मे से है, बावजुद इसके इस तरह के पार्सल का बिना यात्री के लाना गंभीर विषय है।

### सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नही

एक ओर जहां छग में यात्री बसों को लेकर शासन, प्रशासन गंभीर नही है तो दुसरी ओर सीमावर्ती राज्य आंध्र, तेलांगना में यात्री बसों के चालको को विशेष सुविधा दी जाती है। बताया जाता है कि इन प्रदेशों में 400 किमी से 1 किमी भी अधिक की दुरी तय करने वाली सभी बसों में दो चालक अनिवार्यता दिया जाता है। सुकमा जिले से गुजरने वाली आधा दर्जन बसों में दो चालको के साथ सुहाना सफर तय कराया जाता है। वही इन यात्री बसों के चालकों को 36 घंटे का पूर्णतः घर पर आराम देते हुए दुसरी रूट पर भेजा जाता है।

# महिलाओं ने भजन गाकर एकजुट रहने की जरूरत बताई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




विश्व ब्राम्हण दिवस के अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज के द्वारा मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर भजन संध्या के साथ भगवान परशुराम की महाआरती की गई। मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने लगे पंडाल में सर्व ब्राम्हण समाज की महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों ने सुंदरकांड का पाठ करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। महिलाओं ने भजन गाए। अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने कहा कि ब्राम्हण का मूल मंत्र सर्वे भवंति सुखिनः तथा ब्राम्हण का उद्देश्य मानव जाति की सेवा करना है। अनिल शुक्ला ने कविता पाठ किया संरक्षिका शैल दुबे ने ब्राम्हण एकता पर जोर दिया। सचिव संतोष शर्मा ने सभी सनातनी भाई-बहनों को एकता के सूत्र में बंधे रहने का आव्हान किया। स्मृता दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर महाभंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंजली मिश्रा, बुला चक्रवर्ती, संतोष शर्मा, दुर्गा अवस्थी, निर्मला तिवारी, संजना शर्मा, पुष्पा शर्मा, भावना शुक्ला, अंजू पांडे, विभा पांडे, कीर्ति दुबे, सविता बाजपेई, अनुप्रीता बाजपेई, नेहा शर्मा, वंदना शुक्ला, वीणा दास, स्मृता दुबे, बबली शुक्ला जयश्री श्रीवास्तव, हेमलता नामदेव, अलका सेंगर, विद्या सोनी, दिनामनी गुप्ता, सविता यादव, लक्ष्मी कश्यप, दंतेश्वरी राव, सुनीता मालवीय, रेखा अग्रवाल, मालिनी, पुष्पा महावर समेत पदाधिकारी व मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

- ब्राम्हण दिवस पर सुंदरकांड और हनुमान चालिसा का पाठ

# नाबालिग ने दिया शिशु को जन्म आरोपी को 20 साल का कारावास

- अर्थदंड नहीं चुकाने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी


हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



बोराई क्षेत्र के युवक-युवतियों की टीम मांदर नाचने के लिए धमतरी के आसपास जाती थी। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर एक युवक ने नाबालिग युवती से शारीरिक संबंध बना लिया। युवती ने कांकेर के एक अस्पताल में शिशु को जन्म दिया। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी युवक को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया।

सिविल अस्पताल बोराई से बोराई पुलिस को एक नाबालिग युवती द्वारा शिशु के जन्म देने की खबर मिली। बोराई में पदस्थ निरीक्षक राजेश जगत ने पूरे मामले की छानबीन की। युवती ने कांकेर के एक अस्पताल में शिशु को जन्म दिया था। छानबीन में पता चला कि मांझीपारा बोराई निवासी चैतराम नेताम उम्र 25 वर्ष ने नाबालिग का लगातार शोषण किया। नाबालिग की उम्र 16 वर्ष से कम भी। इस मामले में सभी गवाहों और सबूतों पर गौर करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी पाक्सो पंकज कुमार जैन ने चैतराम को दोषी पाया। उसे 6 पाक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं चुकाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक मोहित देवांगन ने की।

## सूखे पेड़ से हादसे का खतरा...



**जगदलपुर।** सिरहासार चौक से पावर हाउस मार्ग पर पेड़ पूरी तरह से सुख गया है जो कभी भी गिर सकता है। हादसा से पूर्व इस पेड़ को काटना जरूरी है।

# हरीनाम संकीर्तन में शामिल हुए ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

इस्कॉन प्रचार केंद्र द्वारा परऊगुड़ा में हरीनाम संकीर्तन एवं भागवत कथा का आयोजन किया गया। हर रविवार होने वाले संकीर्तन कार्यक्रम में भक्त बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। भक्तों ने गौर निताई भगवान के अर्च विग्रहों को पालकी के साथ सिर में धारण कर हरीनाम संकीर्तन के साथ ग्राम का भ्रमण किया। जिसमे ग्रामवासियों ने घर के द्वार पर चंदन, कुमकुम, पुष्प, दूर्वा के साथ आरती करते हुए भगवान का स्वागत किया और हरीनाम में झूमें। भ्रमण के पश्चात प्राचीन वट वृक्ष के नीचे पौराणिक पारंपरिक शैली से कथा का प्रारंभ किया गया, कथा 3 घंटे तक चली। कथावाचक ने बताया कि आज से 20 से 30 वर्ष पूर्व जब टेलिविजन और स्मार्टफोन नहीं था तब ग्रामवासी इसी प्रकार वृक्ष के नीचे एकत्र होकर भगवत चर्चा और हरी कीर्तन किया करते थे। परंतु आधुनिकता के प्रभाव से यह सारी परंपराएं विलुप्त हो गई। संकीर्तन आंदोलन का प्रारंभ 550 वर्ष पूर्व चैतन्य महाप्रभु द्वारा किया गया था। उनका आदेश है की पृथ्वी के हर नगर गांव में कृष्ण नाम का प्रचार होना चाहिए। आज उनके अनुयायी गांव-गांव, नगर-नगर पहुंच चैतन्य संकीर्तन आंदोलन का प्रचार कर रहे हैं इस कार्य में इस्कॉन शामिल हैं। कार्यक्रम में सैंकड़ों ग्रामवासियों ने कथा और कीर्तन का आनंद लिया। इस दौरान हेमंत, राजेन्द्र, रजनी, हिमाद्रि, भानुप्रिया ने सहयोग प्रदान किया तथा कीर्तन मंडली में कुणाल, प्रेम, वेद व्यास, ललित, लक्ष्मण, उमापति, माधव, शिवम, चैतन्य, प्रिंस, प्रियांशु उपस्थित रहे।

- कथावाचक ने भगवत गीता और हरीनाम का महत्व बताया

### बस्तर में पहली बार लोगों को महसूस हो रहा तेज गर्मी का एहसास

# गर्मी का कहर, दोपहर से शाम तक सड़कों में सन्नाटा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



दो दशक पहले तक बस्तर हिल स्टेशन माना जाता था यहां रहने वाले लोगों के परिजन गर्मी छुट्टी में बस्तर आकर सुकून महसूस करते थे। लेकिन आज बस्तर तप रहा है। भीषण गर्मी ने लोगों का जीवन परेशानी में डाल दिया है। नवतपा के आखरी दिन रविवार को भले ही दोपहर बाद आधे घंटे की बारिश हुई लोगों को राहत दी लेकिन पिछले 15 दिन से दोपहर से शाम तक का समय काफी कठिनाई से गुजर रहा है। आज रविवार को 12 से 1 बजे के बीच ली गई यह तस्वीर शहर की भीषण गर्मी का एहसास करा रही है। लगभग 4 साल पहले कोरोना काल के समय सड़कों में जिस तरह सन्नाटा छाया रहता था उसी तरह का नजारा अब दिखाई पड़ने लगा है। शहर की मुख्य सड़कों चांदनी चौक से सर्किट हाऊस रोड, हाता ग्राउंड से पुनम होटल रोड और केरला होटल से झंकार टॉकिज रोड में धूप के कारण सड़कों में सन्नाटा छाया रहा। वह भी रविवार को जब छुट्टी का दिन होता है इन सड़कों पर गहमा गहमी रहती है लेकिन गर्मी ने लोगों को घर में रहने को विवश कर दिया। लोग सुबह 10 बजे तक और शाम को 5 बजे के बाद घर से निकलना स्वास्थ्य के लिए सही मान रहे हैं। यही कारण है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा दिख रहा है। लोग यह कह भी रहे हैं कि पेड़ों के कटने और शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में खेतों की जगह मकान बनने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। इस साल तो नगरनार में स्थापित एनएमडीसी के स्टील प्लांट में उत्पादन प्रारंभ हो गया है। बड़ी-बड़ी चिमनियां आग उगल रही है ऐसे में गर्मी का बढ़ना तय है। इसी तरह पेड़ कटते रहे और कॉलोनियां बनती रही तो आने वाले सालों में गर्मी का सीजन जानलेवा साबित होगा इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

### पेंशनर्स संघ ने कोष एवं लेखा विभाग पर लगाया मनमानी का आरोप

# सेवानिवृत कर्मचारियों को नहीं मिल रहा पेंशन प्राधिकार पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



शासनादेश के बावजूद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन प्राधिकार पत्र नहीं दिया जा रहा है। पेंशनर्स संघ आंदोलन जैसे सख्त कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। पेंशनर्स महासंघ अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने जारी बयान में कहा कि कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में 44 सेवा निवृत्त कर्मचारियों के स्थान पर मात्र 21 को पेंशन प्राधिकार पत्र दिया गया। गत वर्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से भेंट कर इस मामले की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया और इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने एवं पेंशनर्स कर्मचारियों के हित में सेवा निवृत्ति के दिन ही उनके हाथों में पेंशन प्राधिकार पत्र मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। अध्यक्ष के आरोप का अन्य पेंशनर डी रामन्ना राव, किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे, अब्दुल सत्तार खान, नागेश कापेवार, एलएस नाग, हेमंत सिंह ठाकुर, विनय चक्रवर्ती, शिव प्रताप सिंह ठाकुर, दिनेश कुमार सिंघल, दिनेश कुमार सतमन, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, जयमनी ठाकुर एवं हर्षा सिंह ठाकुर ने समर्थन किया है।

**कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय से सहयोग नहीं मिल रहा**

कलेक्टर के निर्देश पर प्रति माह कलेक्टोरेट में सम्मान समारोह आयोजित कर पेंशन प्राधिकार पत्र पेंशनरों के हाथ में दिया जा रहा है। किंतु स्थिति यह है कि विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारियों की उदासीनता तथा कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण पेंशनरों को इस योजना का सही समय पर लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके कारण सेवा निवृत्ति के बाद कर्मचारी भटकने के लिए विवश हैं।

### जिले के रक्तदाताओं को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

**बीजापुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में राज भवन स्थित दरबार हाल में रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा उक्त अवसर पर जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं इसके लिए सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाता, महाविद्यालयीन, विद्यार्थी शासकीय कर्मचारी अपनी प्रविष्टियां सादे कागज पर कार्यालय कलेक्ट्रेट भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा की ओर रक्तदान प्रमाण पत्र, फोटो, दस्तावेज सहित फोटो कापी कार्यालय मे जमा कर सकते है दस्तावेजों के अभाव पर एवं निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला संगठक भारतीय रेडक्रास सोसायटी बीजापुर नरवेद सिंह ने दी है।




स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411